हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नवरात्रि में सेवा भारती के आयोजन में 1100 कन्याओं का किया पूजन



07 सिरोंज की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि उपज मंडी बैंकों को पर्याप्त...



552 मीटर लंबी चुनरी लेकर माता अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे हजारों श्रद्धालु



विदिशा। नवरात्रि के चौथे दिन बुधवार को कांच मंदिर से मां अन्नपूर्णा दरबार लोहांगी पहाड़ी तक 551 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। शक्ति आराधना समिति के तत्वावधान में निकली यात्रा में श्रद्धालु 551 मीटर लंबी चुनरी लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। मां अन्नपूर्णा दरबार पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की। चुनरी यात्रा में विधायक मुकेश टंडन, श्यामसुंदर शर्मा, राकेश शर्मा सहित शहरवासी शामिल हुए। समिति संस्थापक मिथलेश दांगी के नेतृत्व में निकली यात्रा में समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह सूर्यवंशी, रामपाल सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए 3 महिलाएं सम्मानित

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शासकीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान और जिले को राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर पर पहचान दिलाने वाली तीन महिला अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी को खाद वितरण व्यवस्था के प्रभावी संचालन, आईटीआई प्राचार्य कविता रघुवंशी को सभी शासकीय आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने तथा सामाजिक न्याय विभाग की लिपिक मालती लोधी को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के आवेदनों के उचित समाधान और व्यवस्थित प्रस्तुति के लिए सराहा गया। कलेक्टर ने कहा कि इन महिलाओं के कार्य अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध निराकरण और बेहतर निगरानी के निर्देश दिए।

47 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन, दो का चयन

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा में वित्तीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत कैंपस ड्राइव आयोजित की गई। इसमें 47 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। 20 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी, जबकि 10 को साक्षात्कार के लिए चुना गया। चयन प्रक्रिया के बाद जाग्रति बघेल और कुलदीप पटवा का अंतिम चयन हुआ। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संवाद कौशल, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और कॉर्पोरेट क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर मिलेगा।

स्वामित्व योजना: राजस्व विभाग से जांच कराकर समाधान की मांग

1981 से रह रहे 100 परिवार ड्रोन सर्वे में छूटे, नहीं मिल पा रहा मालिकाना हक

विदिशा तहसील के सतपाड़ा सरॉय की एक बस्ती के ग्रामीणों ने शमशाबाद विधायक को ज्ञापन सौंपकर राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कर पट्टे जारी करने की मांग, यहां करीब 100 परिवार ड्रोन सर्वे में छूट गए जिसके कारण उन्हें स्वामित्व योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

> उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कराकर उन्हें भी योजना में शामिल किया जाए।
>
> हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सतपाड़ा सरॉय गांव की बस्ती में रहने वाले करीब 100 परिवारों को अब तक स्वामित्व योजना के तहत आवासीय भूमि का स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्ष 1981 से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। ड्रोन तकनीक से किए गए सर्वेक्षण में भी इन परिवारों के मकान और जमीन दर्ज होने से छूट गए। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपकर स्वामित्व योजना के तहत पट्टे बनवाने और राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार सतपाड़ा सरॉय में बसस्टैंड के सामने स्थित बस्ती में करीब 100 परिवार लंबे समय से निवास कर रहे हैं। कई वर्षों से यहां रहने के बावजूद उन्हें अपनी आवासीय भूमि का मालिकाना हक नहीं मिल सका है।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत गांवों की आबादी भूमि का सर्वे कर पात्र परिवारों को संपत्ति संबंधी दस्तावेज दिए जाने की प्रक्रिया के दौरान भी इन परिवारों के नाम शामिल नहीं हो पाए। ऐसे में ग्रामीणों को आशंका है कि रिकॉर्ड में नाम नहीं होने के कारण वे योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं। बस्ती में रह रहे रामगोपाल अहिरवार, मुन्नालाल केवट, जितेंद्र केवट, राकेश केवट, चंद्रकलाबाई, लालाराम विश्वकर्मा, मुन्नालाल विश्वकर्मा, राजेश धाकड़, रूपेश धाकड़, करण सिंह धाकड़, मोहर सिंह केवट, अनिल केवट, सुनील केवट, गौरेलाल, हरलाल अहिरवार, पवन पंथी, अनिल कुमार पंथी, चुन्नीलाल अहिरवार, वीरन अहिरवार, अमर सिंह धाकड़, प्रीतम सिंह धाकड़ सहित दर्जनों लोगों ने मालिकाना हक दिलाने की मांग की है।

ड्रोन सर्वे में छूटे परिवार, दस्तावेजों का इंतजार

केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनके मकान और आवासीय भूमि का कानूनी मालिकाना हक प्रदान करना है। इसके लिए ड्रोन तकनीक की मदद से गांवों की आबादी भूमि का सर्वेक्षण किया जाता है। इसके बाद ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग के माध्यम से उपलब्ध जानकारी का सत्यापन कर संपत्तियों के रिकॉर्ड तैयार किए जाते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर पात्र हितग्राहियों को संपत्ति कार्ड जारी किए जाते हैं। हालांकि, सतपाड़ा सरॉय की बस्ती के ग्रामीणों का कहना है कि सर्वेक्षण के दौरान उनके परिवारों की संपत्तियों का रिकॉर्ड तैयार नहीं हो पाया। इससे वे योजना के तहत मिलने वाले दस्तावेजों से वंचित रह गए हैं। ग्रामीण चाहते हैं कि उनके लंबे समय से चले आ रहे निवास और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कराकर उन्हें भी योजना में शामिल किया जाए।

आबादीय क्षेत्र के हिसाब से हुआ है ड्रोन सर्वे

विदिशा एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि ड्रोन सर्वे आबादीय क्षेत्र में किया गया था। जो भी परिवार आबादीय क्षेत्र में थे उन सभी को योजना से जोड़ा गया है। यदि कोई ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में आबादीय क्षेत्र से बाहर रह रहा है, या कहीं भी शासकीय जमीन पर मकान बना लिए गए हैं तो वह योजना के लिए पात्र नहीं होगा।

बात रखी है...



सतपाड़ा सरॉय गांव के परिवार स्वामित्व योजना से वंचित होने की शिकायत मुझे ग्रामीणों से प्राप्त हुई है। यह मामला बेहद गंभीर है कि वह ड्रोन सर्वे से कैसे छूट गए। इस संबंध में मैंने कलेक्टर से चर्चा कर तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप कर सभी को स्वामित्व योजना के तहत उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने की बात रखी है। इन सभी को अधिकार दिलाया जाएगा।

- **सूर्यप्रकाश मीना,** विधायक शमशाबाद

खबर संक्षेप

सिंचाई व जल आरक्षण पर आज होगी चर्चा

विदिशा। जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक गुरुवार 15 अक्टूबर को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में दोपहर 12 बजे से होगी। समिति सचिव किरण भामोर के अनुसार बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2026-27 के कार्यक्रम निर्धारण, जलाशयों में उपलब्ध पानी के आधार पर सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए जल आरक्षण सहित कई विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा फसल चयन, जलकर भुगतान, विद्युत कनेक्शन और नहरों पर बनी सड़कों के संबंध में भी विचार किया जाएगा।

आत्मरक्षा के लिए ताईक्वांडो का प्रशिक्षण

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के लिए 21 दिवसीय निःशुल्क ताईक्वांडो प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। 12 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने शिविर का शुभारंभ किया। इसमें छात्राओं को मार्शल आर्ट और दंड चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मनोज अहिरवार और छात्रा महिमा दुबे के प्रयासों से किया जा रहा है। प्राध्यापक भी शिविर के संचालन में सहयोग कर रहे हैं।

मोटर निकालते समय लगा करंट इलाज के दौरान किसान की मौत

दो बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

> बुधवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया।
>
> हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खेत में मोटर निकालते समय करंट लगने से 40 साल के सलीम खान की मौत हो गई।

घटना मंगलवार देर रात रायसेन जिले के बांसखेड़ा गांव में हुई। परिजन उन्हें विदिशा के मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया।

परिवार के मुताबिक सलीम रात में अपने खेत पर मोटर निकाल रहे थे। उस समय बिजली सप्लाई बंद थी। अचानक बिजली चालू हो गई और सलीम करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद परिजन उन्हें तुरंत विदिशा मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सलीम खान अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी दो बेटियां हैं। बुधवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया।

जिले की 2.71 लाख बहनों के खातों में पहुंचे 39.80 करोड़ रुपए

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उमरिया में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की अक्टूबर माह की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 455 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में कुल 39.80 करोड़ रुपए भेजे गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने यह जानकारी दी। जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों और परियोजना कार्यालयों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसमें विभागीय अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और हितग्राही महिलाओं ने सहभागिता की।

सेमरा टप्पा स्कूल में हादसा, छात्रा का पैर फैक्चर

जर्जर दीवार गिरने से घायल हुई थी छात्रा, एक माह तक विभाग को नहीं दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

हैदरगढ़ संकुल केंद्र के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला सेमरा टप्पा में शौचालय की जर्जर दीवार गिरने से कक्षा छठवीं की छात्रा पूजा घायल हो गई। हादसे में उसका पैर फैक्चर हो गया, जिसके बाद पैर में प्लास्टर बांधा गया है। छात्रा करीब एक महीने से स्कूल नहीं आ रही है। आरोप है कि घटना की जानकारी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई।

निजी स्तर पर इलाज कराने का आरोप

ग्रामीणों और परिजनों का आरोप है कि शाला प्रभारी मंजू जैन के पति ने छात्रा का इलाज निजी स्तर पर कराया, ताकि मामला सामने न आए। घटना के बाद आवश्यक सूचना और कार्रवाई नहीं किए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्कूल के निरीक्षण में मिलीं कई अनियमितताएं



विद्यालय में 62 विद्यार्थियों का नामांकन है, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल 20 से 25 बच्चे उपस्थित मिले। ग्रामीणों ने पढ़ाई में लापरवाही और अतिथि शिक्षक पर कक्षा में गुटखा खाकर पढ़ाने के आरोप लगाए। निरीक्षण के समय शाला प्रभारी भी अनुपस्थित थीं। बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने बताया कि छात्रा के पैर में फ्रैक्चर होने की जानकारी प्रभारी ने नहीं दी थी। अब मामला संज्ञान में आया है। भवन की स्थिति, छात्रा के इलाज और शिक्षकों की उपस्थिति की जांच के लिए टीम भेजी जाएगी। जांच के आधार पर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

नवोदय की प्रदर्शनी में दिखी विकसित भारत 2047 की तस्वीर

शमशाबाद। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्र स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें नवोदय विद्यालय समिति के 10 संभागों की 30 उत्कृष्ट कलाकृतियों के माध्यम से सेवा एवं विकास कार्यों और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को दर्शाया गया। विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. अमित सोनी, आशीष सक्सेना और चित्रकार संतोष कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन मनोज कुमार वर्मा ने किया तथा आभार उपप्राचार्य मनीष दत्त मिश्रा ने माना।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. शर्मा



विदिशा। सामाजिक सेवा और जनहित के कार्यों में सक्रिय डॉ. गौरव शर्मा को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का विदिशा जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्ति पर डॉ. शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक मुकेश टंडन सहित पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उनकी नियुक्ति पर डॉ. शरद बिलथरिया, डॉ. शिवराज पिपरोदिया, डॉ. लखन रघुवंशी, डॉ. राहुल भट्ट, डॉ. प्रीत विश्वास, डॉ. विकास धाकड़ और डॉ. लक्ष्मण विश्वकर्मा सहित अन्य चिकित्सकों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

जनगणना-2027 की तैयारियों का निदेशक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश के निदेशक संजीव श्रीवास्तव और उप-महारजिस्ट्रार विजय कुमार ने विदिशा में चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को दी जा रही जानकारी और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन और आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रक्रियाओं, दायित्वों और निर्धारित प्रपत्रों का गंभीरता से अध्ययन करने के निर्देश दिए। साथ ही अधीनस्थ अमले को समय पर आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने को कहा।

निदेशक ने जनगणना के द्वितीय चरण की तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

16 अक्टूबर को होगा 'साकेत के आंगन से विदिशा का इतिहास' पुस्तक का विमोचन

विदिशा। साकेत स्कूल में 16 अक्टूबर को विदिशा के गौरवशाली इतिहास पर आधारित पुस्तक 'साकेत के आंगन से विदिशा का इतिहास' का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 10 बजे साकेत एमजीएम परिसर में होगा। इसमें पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह अध्यक्षता करेंगे। पुस्तक में विदिशा की प्राचीन धरोहर, ऐतिहासिक स्थलों, पुरातात्विक महत्व और सांस्कृतिक परंपराओं का विस्तृत वर्णन किया गया है। यह विद्यार्थियों, शोधार्थियों और इतिहास में रुचि रखने वाले नागरिकों के लिए उपयोगी दस्तावेज साबित होगी। पुस्तक तैयार करने का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना और विदिशा के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है। पुस्तक छात्रों को निशुल्क प्रदान की जाएगी।

स्वर्णकार समाज ने मनाया गरबा महोत्सव, नारी शक्ति का किया सम्मान



विदिशा। श्री क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नवयुवक विदिशा महिला मंडल की ओर से सत्संग भवन में गरबा महोत्सव एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। गरबा महोत्सव के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर माहौल को उत्सवमय बना दिया। महिला मंडल अध्यक्ष अंजू राजेश सोनी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और नारी शक्ति का सम्मान करना है। कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता और उत्साह देखने को मिला।

रॉयल सिटी में टीन शेड का भूमिपूजन, जयप्रकाश नगर में सीसी रोड का लोकार्पण

4.23 लाख रुपए से बनेगा पार्क में टीन शेड, 14 लाख रुपए की लागत से तैयार सड़क नागरिकों को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत रॉयल सिटी स्थित बड़े पार्क में 4 लाख 23 हजार रुपए की लागत से बनने वाले टीन शेड का भूमिपूजन किया गया। वहीं, जयप्रकाश नगर में 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सुविधा की सौगात दी गई।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किए। शहर की रॉयल सिटी के बड़े पार्क में बनने वाले टीन शेड से यहां आने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए भी यह उपयोगी रहेगा। इससे पार्क में आने वाले लोगों को धूप और बारिश से बचाव के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। वहीं जयप्रकाश नगर में निर्मित सीसी रोड के शुरू होने से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।



विदिशा। भूमिपूजन करते हुए जनप्रतिनिधि।

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, सार्वजनिक स्थलों के विकास और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार करना और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना है। इस दौरान दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, बेसनगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1545
उच्चतम भाव-7920
सरसों
न्यूनतम भाव-7700
उच्चतम भाव-8800
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6700
गेंहू
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5800
मक्का
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-2410
उड़द
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-7900
चना
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7390
मूंग
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7372
तिल्ली
न्यूनतम भाव-11700
उच्चतम भाव-11700
धनिया
न्यूनतम भाव-11500
उच्चतम भाव-11500
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-4160

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 30521 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

महाआरती के साथ होगी भजन संध्या

गंजबसौदा। नगर के प्रसिद्ध शीतला शक्ति धाम शारदीय नवरात्रि में आस्था का केंद्र बना हुआ है। शक्ति धाम के प्रवक्ता राजीव सक्सेना ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। गुरुवार को पंचमी के अवसर पर रात्रि 12 बजे महाआरती आयोजित की जाएगी, साथ में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो दोषी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने यह फैसला गत दिवस सुनाया।

विशेष लोक अभियोजक एवं सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश कुमार असैया ने बताया कि शहर थाना में पीड़िता की मां ने पुलिस को शिकायत की थी कि उनकी आठ वर्षीय बेटी परिचित के यहां आयोजित कार्यक्रम में अन्य बच्चों के साथ गई थी। रात होने पर वह वहीं रुक गई थी। रात में सभी लोग खाना खाने के बाद एक कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान कमरे में सो रहे आरोपित ने मौका पाकर बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के चिल्लाने पर उसकी मां जाग गई। बालिका ने मां को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। मां के पूछताछ करने पर आरोपित वहां से भाग गया। इसके बाद पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पर धारा 65(2) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 5 एम/6 के तहत प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण की जांच के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन और चिकित्सकीय परीक्षण हुआ। उपलब्ध साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष के तर्कों पर विचार करने के बाद प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायालय पाक्सो राकेश कुमार ठाकुर के न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण में आरक्षक एवं कोर्ट मोहर्रिर रीतेश तिवारी ने सहयोग प्रदान किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार असैया ने पैरवी की।

वेस्ट टू आर्ट से बनी अनूठी कलाकृति का किया उदघाटन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वेस्ट टू आर्ट थीम पर तैयार की गई भारत की अनूठी कलाकृति का बुधवार शाम को सिटी थाने के सामने भव्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान भारत माता की आरती भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र सिंह उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशलेखा रोहित भावसार, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद मूलचंद अहिरवार, जगदीश व्यास सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नगरवासी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि यह कलाकृति को कबाड़ और अनुपयोगी सामग्री से तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि कचरा समझी जाने वाली वस्तुओं को भी रचनात्मक उपयोग कर उन्हें आकर्षक बनाया जा सकता है। यह कलाकृति कचरा प्रबंधन, रिसाइकिल और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दे रही है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और कचरे के उचित निस्तारण का आह्वान किया। यह कलाकृति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

विशाल कन्या पूजन के माध्यम से दिया समरसता का संदेश

नवरात्रि में सेवा भारती के आयोजन में 1100 कन्याओं का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बुधवार को बेहलोट बायपास स्थित आदित्य परिसर में सेवा भारती के नवरात्रि में सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेन्द्र सिंह मुख्य रुप से मौजूद रहे। मंच पर माता रानी के नौ रूपों में नौ कन्याएं बैठी थीं, जिनका अतिथियों ने पूजन किया। इस कार्यक्रम में 1100 कन्याओं का पूजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि सेवा भारती सामाजिक समरसता और संस्कार के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। जिन्होंने संगठन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। कन्या पूजन कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अंशलेखा भावसार, राजेश माथुर, सचिव मयंक टांक, नगर उपाध्यक्ष राजा रघुवंशी और अनुज पाल मौजूद रहे। नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल ने बताया कि सेवा भारती नगर में कई संस्कार केंद्र चला रही है, जहां बच्चों को शिक्षा और संस्कार मिलते हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के पावन अवसर पर सामाजिक समरसता और कन्या सम्मान का संदेश देने के उद्देश्य से सेवा भारती द्वारा विशाल कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा भारती का उद्देश्य समाज में कन्याओं के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना और सामाजिक भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर कर समरसता का वातावरण निर्मित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्रोत्थान और सामाजिक सेवा के कार्यों में भागीदारी निभाने सहित सामाजिक समरसता, सम्मान और सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।



गंजबासौदा। कन्या पूजन करते अतिथि।



गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।



गंजबासौदा। कन्या पूजन कार्यक्रम में उपस्थित महिला शक्ति।

शॉर्ट सर्किट के चलते कपड़ा दुकान में लगी आग से नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बुधवार को पारासरी पुल के पास समैया कलेक्शन नाम की एक कपड़ा दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सुबह दुकान में से धुंआ निकलते देख नागरिकों ने दुकान मालिक को सूचित किया। जिसके बाद दुकान मालिक ने मौके पर पहुंचकर दुकान से सामान खाली करना शुरू कर दिया और आग को नियंत्रित कर बुझा लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पारासरी तट स्थित लीलाधर मार्केट में प्रिंस समैया, पराग समैया की समैया रेडीमेट नाम से कपडों की दुकान है। जिसमें रात में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सुबह के समय लोगों ने दुकान में से धुंआ निकलते देख दुकानदार को सूचित किया। जिसके बाद दुकानदार ने अन्य लोगों की मदद से दुकान के दूसरे हिस्से से कपडे और अन्य सामान खाली करने के साथ ही अग्निशमन यंत्र की मदद से आग को नियंत्रित किया। जिससे आग दुकान के एक हिस्से तक ही सीमित रही और फैल नहीं सकी जिससे दुकान में रखा काफी सामान जलने से बच गया। हांलाकि इस दुर्घटना में रेडीमेट कपडे जलने से दुकानदार को करीब 15 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

गंजबासौदा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा मंगलवार को शासकीय कन्या मंडी उमा विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए, संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, निः शुल्क विधिक सहायता, साइबर अपराध और बचाव, यातायात नियम के संबंध में जानकारी प्रदान की। आयोजित कार्यक्रम में रुचि जैन अधिवक्ता, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स आरती कुशवाह, अंजली विश्वकर्मा सहित अधिक संख्या में विद्यालय के छात्राएं सम्मिलित हुईं।



सड़क दुर्घटना में पटवारी गंभीर घायल

गंजबासौदा। आज शाम त्योंदा तहसील से लौटते समय त्योंदा में पदस्थ पटवारी विक्रम वासवानी का एक्सीडेंट हो गया। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। घटना के बाद उन्हें बासौदा अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। ज्ञात हो कि अभी स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है, जिससे पटवारी गांवों और तहसील कार्यालय में लगातार कार्य कर रहे हैं।



मंच के सदस्यों ने प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

गंजबासौदा। भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती की पूर्व संध्या पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में संसाधनों के अभाव के बावजूद अपनी प्रतिभा से आगे बढ़ रही बेटियों को मंच प्रदान करना और उन्हें राष्ट्र के महान वैज्ञानिक के विचारों से जोड़ना था। समारोह का शुभारंभ भारत माता एवं डा. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने डॉ. कलाम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलाम ने कहा था कि सपना वो नहीं जो नींद में देखा जाए, सपना वो है जो नींद ही न आने दे। उनका पूरा जीवन शिक्षा, समानता और राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की उन छात्राओं को चुना है जिन्होंने शासकीय विद्यालयों में अध्ययन करते हुए बोर्ड परीक्षाओं, खेल, विज्ञान प्रदर्शनी, निबंध एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसी प्रतिभावान बच्चियों को प्रशस्ति पत्र, पुस्तकें, मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शादाब अली, चतर सिंह लोधी, तुलाराम लोधी, आर्यन सेन, हीरालाल लोधी, मोनिका विजोले मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रगान एवं जय हिंद, जय भारत के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच ने संकल्प लिया कि डा. कलाम के बताए मार्ग पर चलते हुए हर वर्ष ग्रामीण प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता रहेगा।



मातृशक्ति जागरण से ही सशक्त होगा हिंदू समाज : सुरेंद्र सिंह

मातृशक्ति दुर्गावाहिनी का 62वां स्थापना दिवस संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विश्व हिन्दू परिषद के 62 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी द्वारा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन अशोक भवन विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय, बालाजी नगर में उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज की मजबूती और संस्कारों की रक्षा में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने धर्मान्तरण, लव जिहाद, परिवार विघटन एवं विभिन्न सामाजिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए महिलाओं से जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विभाग मंत्री विक्रम सिंह रघुवंशी ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने इन मूल्यों को प्रत्येक परिवार के आचरण का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा ने की। उन्होंने महिलाओं से संगठन से जुड़कर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी, विभाग सहमंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, जिला अध्यक्ष मुकेश सेन सहित जिले के अनेक पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी की माता-बहिनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में समाज एवं राष्ट्र सेवा के प्रति संकल्प व्यक्त किया गया। अंत में जिला अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम, भारत माता की आरती एवं जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हुआ। उक्त जानकारी जिला मंत्री रविंद्र ठाकुर द्वारा दी गई।

मां शीतला को 251 फीट लंबी चुनरी ओढ़ाने निकाली चुनरी यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मां शीतला के जयकारे, गाजे-बाजे की गूंज और डीजे की भक्तिमय धुनों के बीच बुधवार को नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। 251 फीट लंबी चुनरी लेकर निकले श्रद्धालुओं में माता के प्रति आस्था और उत्साह देखते ही बना। यात्रा में धर्मप्रेमी माताओं, बहनों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर मां शीतला के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। ज्ञात हो कि हिंदू धार्मिक परंपरा में देवी को चुनरी अर्पित करना श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। भक्त मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की कामना करते हैं।

इसी आस्था के साथ बुधवार को चुनरी यात्रा की शुरुआत वार्ड क्रमांक 13 स्थित हनुमान मंदिर से की गई। 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यहां से श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ मां शीतला के जयकारे लगाते हुए मां शीतला शक्ति धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा में गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन नजर आए। जगह-जगह चुनरी यात्रा का श्रद्धालुओं ने जलपान और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा का मुख्य आकर्षण 251 फीट लंबी चुनरी रही, जिसे श्रद्धालु सामूहिक रूप से लेकर चल रहे थे। मां के प्रति समर्पण और आस्था का भाव लिए श्रद्धालु चुनरी यात्रा में शामिल हुए। मां शीतला शक्ति धाम पहुंचकर चुनरी अर्पित की गई तथा माता से सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और नगर के कल्याण की कामना की गई।

ज्ञात हो कि चुनरी अर्पित करना माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इसी के चलते भव्य चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन चक्क हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शर्मा के नेतृत्व में किया गया। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को माता की भक्ति से जोड़ना और सामूहिक रूप से धार्मिक आयोजन में सहभागिता के लिए प्रेरित करना रहा। यात्रा में माताओं, बहिनों और अन्य श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। मां अम्बे के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच संपन्न हुए, इस आयोजन ने धार्मिक वातावरण बना दिया।

खबर संक्षेप

सिद्धांत चौरसिया ने नीट यूजी काउंसलिंग में हासिल की सफलता



गढ़ाकोटा। सिद्धांत चौरसिया ने नीट यूजी काउंसलिंग में सफलता प्राप्त कर भोपाल के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में मेडिकल सीट हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर पिता हरिशंकर चौरसिया, आरती मेडिकल वाले सहित परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। वहीं, चौरसिया समाज एवं मोहल्ले-पड़ोस के लोगों ने सिद्धांत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सिद्धांत की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, निरंतर अध्ययन, लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। नीट यूजी काउंसलिंग के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में सीट प्राप्त करना उनकी शैक्षणिक यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी इस सफलता से परिवार और समाज का गौरव बढ़ा है। चौरसिया समाज एवं मोहल्ले वासियों ने सिद्धांत को बधाई दी।

बीएमसी में ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सागर। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में 14 अक्टूबर को डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण डेलन प्रजापति जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, सागर द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली की कार्यप्रणाली, ई-फाइल एवं ई-रिसीट के माध्यम से शासकीय कार्यों के ऑनलाइन निष्पादन तथा फाइलों के डिजिटल प्रबंधन की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया गया।इस दौरान ई-फाइल एवं ई-रिसीट के माध्यम से शासकीय कार्यों के ऑनलाइन निष्पादन की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया गया।

जोगी किरोंदा-सकरोली चौराहे पर अंडरपास निर्माण की मांग उठाई

विदिशा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर विदिशा जिले की नटेरन तहसील के जोगी किरोंदा-सकरोली चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग-346 के चेनज 53+500 पर अंडरपास निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि इस स्थान पर अंडरपास निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। विदिशा, शमशाबाद, नटेरन और बासौदा तहसीलों के करीब 20 गांवों के ग्रामीण अंडरपास नहीं होने के कारण असुरक्षित आवागमन की समस्या से जूझ रहे हैं। जीतू पटवारी ने पत्र में उल्लेख किया कि इस मार्ग से बच्चों को स्कूल आने-जाने, किसानों को ट्रैक्टर, हार्वेस्टर सहित कृषि उपकरणों के परिवहन और ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में परेशानी होती है। सड़क पार करने के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए किसान लगातार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से संवाद कर रहे हैं। अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर सड़क सत्याग्रह भी किया जा चुका है।

किसानों के भुगतान के लिए नकदी की कमी नहीं आने दी जाएगी

सिरोंज की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि उपज मंडी बैंकों को पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने के निर्देश

एसडीएम ओम नारायण बड़कुल के मार्गदर्शन में व्यापारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



सिरोंज की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि उपज मंडी है। यहां की मंडी मध्यप्रदेश में किसानों को कृषि उपज का नकद भुगतान करने की परंपरा के लिए जानी जाती है। मंडी में व्यापारी किसानों की उपज खरीदने के बाद उन्हें समय पर भुगतान करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय से कुछ बैंकों द्वारा व्यापारियों के खातों में पर्याप्त राशि जमा होने के बावजूद आवश्यकता के अनुरूप नकदी उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी। इसके चलते किसानों को उपज का भुगतान करने में परेशानी आ रही थी। इस समस्या को लेकर व्यापारियों ने 9 अक्टूबर को प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नकदी उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने तत्काल संज्ञान लिया और तहसील कार्यालय में अपने मार्गदर्शन में व्यापारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की। बैठक में व्यापारियों ने नकदी की कमी से उत्पन्न हो रही परेशानियों से अवगत कराया। चर्चा के बाद एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सिरोंज के व्यापारिक हितों और किसान हितों को सर्वोपरि रखते हुए व्यापारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर हो और कृषि उपज मंडी की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रहे, इसके लिए बैंकों का सहयोग आवश्यक है।

किसान हितों से जुड़ी है नकद भुगतान की व्यवस्था : व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि बैंक प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। इससे सिरोंज की वर्षों पुरानी किसान हितैषी नकद भुगतान व्यवस्था बनी रहेगी और किसानों को अपनी उपज बेचने के बाद भुगतान के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। व्यापारियों का कहना है कि किसानों को समय पर भुगतान मिलना केवल मंडी कारोबार तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध सिरोंज की संपूर्ण अर्थव्यवस्था और ग्रामीण व्यापारिक गतिविधियों से है। नकदी की पर्याप्त उपलब्धता से मंडी में कारोबार सुचारु रहेगा और किसानों, व्यापारियों सहित अन्य संबंधित वर्गों को भी राहत मिलेगी। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, मंडी सचिव तथा व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव,राजेश जैन,गगन तारण,प्रियांक जैन,पप्पू साहू,लोकेश जैन,नीरज जैन सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सिरोंज थाने का किया निरीक्षण

विसर्जन स्थल और दशहरा मैदान का लिया जायजा, दिए निर्देश



सिरोंज। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा थाना सिरोंज का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इसके साथ ही थाना सिरोंज क्षेत्र के विसर्जन स्थल एवं दशहरा मैदान का निरीक्षण कर आगामी त्योहारों के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाना सिरोंज का निरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं पुलिसिंग कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने थाने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नियमित एवं प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने, गरबा स्थलों, झांकी पंडालों, दशहरा मैदान एवं अन्य प्रमुख आयोजन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा थाना क्षेत्र में सतत भ्रमण कर कानून-व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए। विसर्जन स्थल एवं दशहरा मैदान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

थाना सिरोंज में आवेदकों की समस्याएं सुन त्वरित निराकरण के निर्देशः थाना सिरोंज के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रोहित काषवानी ने थाने पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही थाना स्टाफ से संवाद कर समस्याएं सुनीं और कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी की मंडलम अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक आज राजीव गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में शहर की 18 मंडलम कमेटियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने की। बैठक का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमराज रजक, नरेन्द्र मिश्रा एवं वीरेन्द्र राजे द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सभी मंडलम अध्यक्ष एवं बीएलए-2 तत्काल प्रभाव से मतदाता सूची के सुधार कार्य में जुट जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नए मतदाताओं के नाम जुड़वाए जाएं, मृत मतदाताओं के नाम हटवाए जाएं और मतदाता सूचियों का गहन सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा हमारे नेता राहुल गांधी देश को भाजपा से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस कड़ी में आपका यह प्रयास सार्थक सिद्ध होगा। एसआईआर के कारण मतदाताओं को हुई परेशानियों को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेन्द्र राजे एवं नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का गठन लगभग पूर्ण हो चुका है और पदाधिकारी वार्डों में जाकर जमीनी हकीकत का जायजा ले रहे हैं।

महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सागर



सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर (मध्यप्रदेश) में आयोजित की जा रही वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के अंतिम व तेरहवें दिन महिला मिलिट्री पुलिस के लिए संपूर्ण मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की बेटियों ने भारी उत्साह और अनुशासन के साथ हिस्सा लिया। 01 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक सफलतापूर्वक चलने वाली इस विशाल भर्ती रैली का आज समापन हो गया। महिला मिलिट्री पुलिस रैली के इस विशेष दिन कुल 204 महिला अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी शारीरिक परीक्षा और प्रतिस्पर्धा के उपरांत 128 बेटियों ने दौड़ में सफलता हासिल कर (सफलता प्रतिशत 62.75%) अगले चरण में प्रवेश किया। सागर जिला प्रशासन और सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में 01 अक्टूबर से शुरू हुई यह संपूर्ण अग्निवीर भर्ती रैली अत्यंत पारदर्शी, सुचारू एवं सुरक्षित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सेना भर्ती कार्यालय की महत्त्वपूर्ण अपीलः भारतीय सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। भर्ती में किसी भी प्रकार की दलाली या अनुचित साधनों का कोई स्थान नहीं है।

ग्यारसपुर में माता रानी के दरबारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कुशवाह शिवालय में त्रिकूट पर्वत की तर्ज पर सजा भव्य पंडाल, 25 स्थानों पर सजीं माता दुर्गा रानी की झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर ग्यारसपुर नगर पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। नगर के गली-मोहल्लों से लेकर प्रमुख मंदिरों तक माता रानी के दरबार आकर्षक ढंग से सजाए गए हैं। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान है। चारों ओर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है।

दुर्गाचौक में सजा मां मनोकामना देवी का भव्य दरबार,नगर के दुर्गा चौक स्थित मां मनोकामना देवी के दरबार में आकर्षक झांकी सजाई गई है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

मंदिर के पुजारी लक्की कृष्ण शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष माता रानी की प्रतिमा 16 भुजाओं वाली है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। माता रानी की भव्य प्रतिमा के दर्शन करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कुशवाहा शिवालय में त्रिकूट पर्वत की तर्ज पर सजा पंडाल ग्यारसपुर के कुशवाहा शिवालय में इस बार त्रिकूट पर्वत की तर्ज पर आकर्षक पंडाल सजाया गया है। पर्वतों के बीच विराजमान माता रानी की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रही है। झांकी को देखने और माता रानी के दर्शन करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां वैष्णो देवी की धार्मिक आस्था को दर्शाती यह झांकी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

25 स्थानों पर सजीं माता रानी की झांकियां

नवरात्र के दौरान ग्यारसपुर नगर में धार्मिक उत्साह देखते ही बन रहा है। नगर के बमूरा मोहल्ला, नारायण कॉलोनी, बसस्टैंड, थाना परिसर, ब्लॉक कॉलोनी, रेंज परिसर, जोशी वाली माता मंदिर, छापर मोहल्ला, मोहनपुर, खिरका मोहल्ला, दमदमा और करैरी चौराहे सहित विभिन्न स्थानों पर माता रानी की झांकियां सजाई गई हैं।

स्व. माधोसिंह ठाकुर की स्मृति में अपना घर आश्रम में लगवाया बोर

विदिशा। विट्ठलनगर स्थित अपना घर आश्रम में स्वर्गीय माधोसिंह सिंह ठाकुर की स्मृति में उनके सुपुत्र कमोद सिंह ठाकुर ने बोर लगवाकर सेवा कार्य किया। इस पहल से आश्रम में रहने वाले जरूरतमंद प्रभुजियों को पानी की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर कमोद सिंह ठाकुर उनके परिवार के सदस्य, पूजनीय माताजी और सरस्वती विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। आश्रम परिवार ने इस पुनीत कार्य के लिए ठाकुर परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। आश्रम परिवार ने कहा कि जल जीवन का आधार है और जरूरतमंदों तक पानी पहुंचाना पुण्य का कार्य है। स्वर्गीय माधोसिंह ठाकुर की स्मृति में कराया गया यह सेवा कार्य उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे आश्रम में रहने वाले प्रभुजियों को राहत मिलेगी। आश्रम परिवार ने कमोद सिंह ठाकुर के सेवा भाव की सराहना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि स्वर्गीय माधोसिंह ठाकुर को श्रीचरणों में स्थान मिले तथा उनके परिवार को सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त हो। मानव सेवा ही माधव सेवा है, इसी भावना के साथ यह पहल की गई।

सीआईएसटी कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता हुई, तीन समूहों ने हासिल किए पुरस्कार

रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



सीआईएसटी कॉलेज विदिशा में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर आकर्षक रंगोलियां बनाईं और अपनी कला एवं कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के पांच समूह बनाए गए थे। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन समूहों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर अलीशा खान, प्रियंका अहिरवार और दीपा साहू रहीं। द्वितीय स्थान मोनिका अहिरवार, झलक रैकवार और गरिमा कुशवाह के समूह ने प्राप्त किया। वहीं, तृतीय स्थान पर शारदा शर्मा, आकांक्षा शर्मा और कृतिका रघुवंशी का समूह रहा। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज संचालक आनंद शरण ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रभारी पलक विश्वकर्मा और दीपाली दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा का भी आयोजन में योगदान रहा। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना था। कॉलेज प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विधायक उमाकांत शर्मा ने 5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी



सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने बुधवार को लटेरी क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्य कार्यक्रम ग्राम सौजना में आयोजित हुआ, जहां 2 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया गया।

14 गांवों को मिलेगी बिजली की बेहतर सुविधा

विधायक ने बताया कि पहले क्षेत्र के 14 गांवों को मुरवास से बिजली मिलती थी। एक ही लाइन पर अधिक भार होने से कम वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या आती थी।

नए विद्युत उपकेंद्र के शुरू होने से इन गांवों को लाभ मिलेगा और बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। इससे किसानों और ग्रामीणों को राहत मिलेगी। शासकीय हाईस्कूल दनवास में 1 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से दो अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रीवॉल और शौचालय निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

विमुक्त, घुमंतू और अर्धघुमंतु समुदाय के लिए लगा शिविर 12 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विमुक्त, घुमंतू और अर्धघुमंतु समुदाय के उत्थान और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से तहसील स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

बुधवार को जिला विदिशा की विदिशा तहसील एवं गुलाबगंज तहसील में शिविर लगाये गये ।शिविर में समुदाय के लोगों के जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए गए। शिविर के दौरान मौके पर ही 12 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गुलाबगंज तहसीलदार, घुमंतू विभाग से एडी जनब हमीद, इंस्पेक्टर नेहा आर्य एवं विमुक्त घुमंतू और अर्धघुमंतु मध्य भारत प्रांत टोली सदस्य एवं रोजगार आयाम प्रमुख संदीप उदयवाल, विदिशा जिला संयोजक सुरेंद्र कुशवाह, जिला टोली (दस्तावेज एवं शासकीय योजनाओं का लाभ) राजकुमार प्रजापति, गुलाबगंज खंड संयोजिका सुषमा मौर्य सहित बड़ी संख्या में समुदाय के लोग उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि नट, कुचबंदिया, बंजारा, कंजर, पारधी, सांसी सहित विमुक्त समुदाय के कई परिवार आज भी दस्तावेजों के अभाव में शासन की योजनाओं से वंचित हैं। शिविर के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

दिशाबोध शिविर में विद्यार्थियों ने सीखा सामाजिक समरसता और सेवा का महत्व

विदिशा। सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में आयोजित त्रिदिवसीय दिशाबोध शिविर के द्वितीय दिवस पर विद्या भारती की अखिल भारतीय मंत्री डॉ. राजश्री वैध ने सामाजिक समरसता विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने संत वाल्मीकि और संत रैदास के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से समानता और सद्भाव का संदेश दिया। इसके बाद चयनित 30 भैया-बहिन 'अपना घर' आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने आश्रम की कार्यप्रणाली समझी और निराश्रित लोगों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने सम्मान, संवेदनशीलता और सेवा भाव का महत्व जाना। कार्यक्रम का संचालन मानसी शर्मा ने किया तथा परिचय नैनसी राजपूत ने दिया।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वर्धा

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक : 210/07/02/1963 सूचना दिनांक: 09/09/2026

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वर्धा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 19/09/2026 दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान समिति मुख्यालय वर्धा पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

पुजा मीना
समिति प्रबंधक

चन्द्र शेखर सुनहरे
प्रशासक/अध्यक्ष

बिजली की बढ़ती डिमांड के बीच शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कटौती

अक्टूबर में भी पारा 36 डिग्री, बिजली कटौती से लोग परेशान, दुर्गा झांकी पंडाल अंधेरे में डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

अक्टूबर माह में ही गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। तापमान का पारा 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। दूसरी ओर बिजली की बढ़ती डिमांड के बीच शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना 3 से 4 घंटे तक बिजली कटौती होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दिन में गर्मी और रात में बिजली गुल होने से आमजन को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान शहर समेत गांवों में जगह-जगह सजाए गए दुर्गा झांकी पंडाल भी बिजली कटौती के कारण अंधेरे में डूब रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं और आयोजन समितियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्मी के बीच बिजली गुल घरों में नहीं मिल रही राहत

मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी शहरी एवं ग्रामीण फ्रीडरों से बिजली की अघोषित कटौती का समय निश्चित नहीं है। अक्टूबर माह में आमतौर पर मौसम में ठंडक घुलने लगती है, लेकिन इस बार तापमान अधिक रहने से गर्मी का असर बना हुआ है। उपभोक्ता रामबाबू दांगी, परसराम दांगी, ऊधम सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, पंढाम सिंह जादौन ने बताया कि दिन के समय तेज धूप के कारण लोग गर्मी से परेशान हैं। ऐसे में बिजली कटौती होने से पंखे और कूलर बंद हो जाते हैं। जिससे घरों और दुकानों में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।



दुर्गा पंडालों की रौनक पर भी असर

शारदीय नवरात्रि के दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर एक से बढ़कर एक दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित कर पंडालों में आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं। इन पंडालों में शाम होते ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है। बिजली रोशनी, सजावट और धार्मिक आयोजनों के बीच बिजली कटौती होने से पंडालों की रौनक फीकी पड़ रही है। बिजली बंद होते ही कई स्थानों पर अंधेरा छा जाता है। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। दुर्गा झांकी समितियों के लिए भी बिजली कटौती चुनौती बन रही है। पंडालों में रोशनी और सजावट के लिए बिजली की जरूरत रहती है। ऐसे में बार-बार बिजली बंद होने से आयोजन की व्यवस्था प्रभावित होती है। शारदीय नवरात्रि पर्व जैसे धार्मिक पर्व पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की अपेक्षा कर रहे लोगों में कटौती को लेकर नाराजगी है।

बढ़ती डिमांड के बीच व्यवस्था पर सवाल

गर्मी के कारण बिजली की खपत बढ़ने से आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव पड़ने की बात सामने आ रही है। हालांकि, रोजाना 3 से 4 घंटे तक बिजली कटौती होने से उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि बिजली की मांग बढ़ रही है तो विभाग को आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए। श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री राहुल परमार अनिल चौरसिया पियूष खत्री तिलक हिंदू समेत शहरवासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि कटौती का समय निर्धारित किया जाए और बिना सूचना बिजली बंद नहीं की जाए। साथ ही शारदीय नवरात्रि के त्यौहार के दौरान दुर्गा पंडालों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। अब लोगों को इंतजार है कि बिजली विभाग बढ़ती मांग के बीच आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कर कब राहत देगा। अक्टूबर में ही गर्मी और बिजली कटौती की दोहरी मार झेल रहे शहरवासियों को उम्मीद है कि नवरात्रि के शेष दिनों में कम से कम धार्मिक आयोजनों के दौरान बिजली व्यवस्था बेहतर रहेगी। रायसेन तहसील के सैकड़ों गांवों में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान है। बिजली कटौती की मनमानी का आलम यह है कि रोजाना इन दिनों सुबह 8 से शाम 6 बजे तक गुल रहती है बिजली, रात 10 से 12 बजे तक भी कटौती होने लगी है। जिससे ग्रामीण, किसान बेहद चिंतित हैं। बिजली की कटौती की वजह से खेती और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। रायसेन तहसील के सुंड, सालेरा, महू, पथरई, मुरेल, पाली, मिर्जापुर, गनियारी, नेवली और संग्रामपुर गांवों सहित आसपास के कई गांवों में बिजली कटौती की समस्या सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनभर बिजली नहीं रहने से घरेलू कामकाज प्रभावित होते हैं। वहीं, रात में भी बिजली बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ जाती है।

दिनभर बिजली बंद रहने से बढ़ी परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने का असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। घरों में बिजली से चलने वाले उपकरणों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। मोबाइल चार्ज करने, पानी की व्यवस्था करने और अन्य जरूरी कामों में भी दिक्कतें आती हैं। रात के समय कटौती होने से लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है।

नियमित बिजली आपूर्ति की मांग

ग्रामीणों राजेश बघेल, जनपद सदस्य दीवान सिंह ठाकुर, झलकन सिंह बैरागी, हेमराज बैरागी ने बिजली विभाग से गांवों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी कारण से बिजली बंद की जा रही है, तो इसकी जानकारी पहले से दी जानी चाहिए। ताकि लोग अपने जरूरी कामों की योजना बना सकें। बहरहाल अब देखना होगा कि बिजली विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही कटौती को लेकर क्या कदम उठाता है।

इनका कहना है...

लोड शेडिंग के कारण लाइट व्यवस्था ऊपर से ही की जा रही है। इसमें हमारा कोई कसूर नहीं है।

गणेश अमरेंद्र ग्रामीण जेई ग्रामीण रायसेन

गुरुकुल स्कूल के ईको क्लब की पहल

विद्यार्थियों ने जूट बैग बांटकर दिया प्लास्टिक मुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गुरुकुल द ए क सी लें ट इं ग्लि श मीडियम स्कूल के ईको क्लब ने अनूठी पहल की। स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सिविल न्यायालय परिसर पहुंचकर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र मालवीय, अधिवक्ताओं और न्यायालय स्टाफ को पर्यावरण अनुकूल जूट बैग और फाइल फोल्डर वितरित किए। इस दौरान विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और उसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैलों को अपनाने का संदेश दिया।

न्यायाधीश, अधिवक्ताओं और न्यायालय स्टाफ को वितरित किए जूट बैग व फाइल फोल्डर

जूट बैग अपनाने की अपील-अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने लोगों को प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक की थैलियों के बजाय जूट और कपड़े के बैग का उपयोग करने की अपील की। विद्यार्थियों की इस पहल का न्यायाधीश, अधिवक्ताओं और न्यायालय स्टाफ ने स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने की पहल

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। ऐसे अभियानों से बच्चों को प्रकृति के महत्व को समझने और पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने की प्रेरणा मिलती है। अभियान में विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे

एनसीसी कैडेट्स ने पर्यटन व तीर्थ स्थल विंध्यवासिनी मंदिर में किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी।

शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बाड़ी की 12 एमपी एनसीसी बटालियन भोपाल के टूप नंबर 52 के एनसीसी कैडेट्स द्वारा तीर्थ एवं पर्यटन स्थल माँ विद्या विंध्यवासिनी मंदिर में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। एनसीसी कैडेट्स ने लगभग तीन किलोमीटर का पैदल मार्च करते हुए पहाड़ी पर स्थित माँ विद्या विंध्यवासिनी मंदिर पहुँचकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस दौरान कैडेट्स ने श्रमदान कर धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी एफ ओ एस.आर. मालवीय, विद्यालय के शिक्षक देवेंद्र नौरिया, राजेंद्र चौखटिया, मालिनी बिझगमने अनीता साहू, आरजू चौहान तथा शासकीय महाविद्यालय, बाड़ी की प्राचार्य डॉ. ममता खोइया उपस्थित रहीं। सभी ने कैडेट्स के इस सेवा कार्य की सराहना की।



कुल्हड़िया गांव में 10 और सेमरा पंचायत में 10 परिवार प्रभावित होंगे

नरखेड़ा व सेमरा में ग्राम सभा, भूमि अधिग्रहण व बायपास निर्माण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 को टू-लेन से फोरलेन बनाने की परियोजना को लेकर बुधवार को सांची विकासखंड के ग्राम नरखेड़ा और सेमरा में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें अधिकारियों ने ग्रामीणों को फोरलेन निर्माण, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया और परियोजना से प्रभावित होने वाले परिवारों की जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, नरखेड़ा पंचायत के कुल्हड़िया गांव में 10 और सेमरा पंचायत में 10 परिवार प्रभावित होंगे। इस तरह दोनों पंचायतों में कुल 20 परिवारों पर परियोजना का असर पड़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि फोरलेन निर्माण के लिए सड़क के मध्य से दोनों तरफ 15-15 मीटर यानी करीब 50-50 फीट जमीन ली जाएगी। वहीं, बायपास निर्माण वाले क्षेत्रों में सड़क के मध्य से दोनों तरफ 22.5-22.5 मीटर जमीन अधिग्रहित की जाएगी। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को लेकर संबंधित ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों को परियोजना की जानकारी दी जा रही है।



तीन स्थानों पर बनेंगे बायपास

भोपाल-विदिशा फोरलेन परियोजना के तहत तीन स्थानों पर बायपास बनाए जाएंगे। इनमें सुखी सेवनिया में 1.80 किलोमीटर, बेरखेड़ी में 1.35 किलोमीटर और सलामतपुर में 5.10 किलोमीटर लंबा बायपास प्रस्तावित है। इन बायपास के निर्माण से भारी वाहनों को आबादी वाले क्षेत्रों से बाहर निकालने में मदद मिलेगी। इससे कस्बों में जाम की समस्या कम होने और सड़क हादसों की आशंका घटने की उम्मीद है।

शुक्रवार को चार क्षेत्रों में होगी चर्चा

अधिकारियों ने बताया कि फोरलेन परियोजना को लेकर ग्रामीणों से चर्चा का सिलसिला जारी रहेगा। शुक्रवार को ढकना-चपना, सुनारी-सलामतपुर, रातातलाई और सुआखेड़ी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर परियोजना की जानकारी साझा की जाएगी। हाईवे के आसपास आने वाले अन्य गांवों में भी पंचायत स्तर पर लोगों को भूमि अधिग्रहण और सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है।

ये रहे मौजूद

ग्राम सभा की बैठक में नरखेड़ा सरपंच रामदयाल लोधी, सेमरा सरपंच भानु उर्फ परसोत्तम लोधी, सचिन लक्ष्मी नारायण शाक्य, एमपीआरडीसी के सुनील कुमार शर्मा, भूमि अधिग्रहण अधिकारी एवं तहसीलदार दीपक हनोते, एमपीआरडीसी के एजीएम आरएस किर, हल्का पटवारी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

देवनगर से छोले वाली मैय्या खंडेरा तक निकाली विशाल चुनरी यात्रा

माता रानी का सच्चा दरबार, मनोकामना होती पूरी: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन।

शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में देवनगर से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं, बहने, बच्चे उत्साह के साथ जय माता दी के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, देवनगर के पूर्व मंडल अमन सक्सेना अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की टीम के साथ चुनरी शोभा यात्रा में शामिल हुए एवं पुष्प वर्षा कर चुनरी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया। इससे पूर्व खंडेरा वाली छोले वाली मातारानी के दरबार में पहुंच कर भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा, शसक्सेना ने माता रानी की पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिए। इस अवसर पर खंडेरा माता मंदिर ट्रस्ट समिति के पदाधिकारीयों से भी भेंट की। इस मौके पर उन्होंने श्रद्धालुओं से बात करते हुए कहा कि खंडेरा वाली माताराणी का दरबार सच्चा दरबार है जिसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। यहां माता रानी के दरबार में चैत्र शारदीय नवरात्रि पर्व के अलावा 12 महीने श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और मुरादें पूरी होने पर वह खुश होकर अपने घर लौटते हैं। उन्होंने रायसेन जिलावासियो सहित प्रदेश और देशवासियों के लिए माता खंडेरा वाली से प्रार्थना करते हुए सुख समृद्धि और खुशहाली प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश दुबे एवं सहयोगी पंडित अरविंद दुबे, मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल, उपाध्यक्ष खिलान सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, तरण सिंह बघेल, सुनील साहू मीडिया प्रभारी सीएल गौर राज सेन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



शासकीय पीजी कॉलेज में होगा 5 कमरों व लैब का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी।

नगर के शासकीय कॉलेज का कायाकल्प होने वाला है। परिसर में 5 भवन तथा एक प्रयोग शाला का निर्माण किया जाना है जिसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा 5 करोड़ 27 लाख 9 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत राशि से निर्माण कार्य कराए जाने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्माण एजेंसी बनाया गया हैं। विधान सभा मुख्यालय सिलवानी में करीब 15 साल पूर्व शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कराया गया था। हालांकि नगर में महाविद्यालय की स्थापना को करीब 40 साल हो चुके है। पूर्व के करीब 25 साल तक कॉलेज में बीए स्नातक की कक्षाओ का संचालन आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित गांधी आश्रम के 3 कमरो में किया जाता रहा। लेकिन बाद के वर्षो में स्वयं का भवन निर्माण हो जाने से कॉलेज का संचालन नवीन भवन में किया जाने लगा।

14 कक्षाओं के 13 सौ विद्यार्थी और 6 क्लास रुम

विधान सभा मुख्यालय की दयनीय स्थिति जग जाहिर है। लेकिन दयनीय स्थिति को दुरुस्थ किए जाने को लेकर जन प्रतिनिधियों के द्वारा कोई ठोस प्रयास नही किए गए । वर्तमान में बीए, एमए, एम कॉम, बीकॉम, बीएससी आदि की करीब 14 कक्षाओं का संचालन हो रहा है। इन कक्षाओं में लगभग 13 सौ विद्यार्थी अध्ययनरत है। लेकिन वर्तमान में विद्यार्थियों को बैठने के लिए 6 कमरे ही कॉलेज में है। जहां पर बैठ कर अव्यवस्थाओं के बीच शिक्षा अध्ययन करने को मजबूर हैं।

इनका कहना है...

होगा 5 कमरो का निर्माण- कॉलेज परिसर में 5 कमरो तथा प्रयोग शाला का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए 5 करोड़ 27 लाख 9 हजार की राशि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा स्वीकृत की गई है। वर्तमान में स्नातक व स्नानोत्तर की कक्षाओं में करीब 13 सौ विद्यार्थी अध्ययनरत है। व्यवस्था के तहत दो शिप्टो में कक्षाओ का संचालन किया जा रहा है।

मनोहर लाल पंथी
प्रभारी प्राचार्य, शासकीय पीजी कॉलेज सिलवानी

खेड़ापति माता मंदिर में सुबह से दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे भक्त

40 स्थानों पर सजाए गए मां दुर्गा की झांकी पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शारदीय नवरात्रि महापर्व शुरू होते ही नगर में आदि शक्ति की आराधना का उत्साह चरम पर है। सुबह से ही खेड़ापति माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जल चढ़ाने पूजन दर्शन के लिए उमड़ रही है। दुर्गा देवी के मंदिरों में जल चढ़ाने और माता रानी के दर्शन के लिए महिला-पुरुष भक्त पहुंच रहे हैं। वहीं, नगर में 40 से अधिक स्थानों पर भव्य झांकी पंडाल सजाकर मां दुर्गा की एक से बढ़कर एक मनोहारी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। झांकी पंडालों में सुबह-शाम होने वाली आरती और भजन-कीर्तन से पूरा नगर दुर्गामय हो गया है। नगर के खेड़ापति माता मंदिर, शक्तिधाम मंदिर, काली मंदिर और संकट मोचन मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। शाम होते ही मंदिरों और दुर्गा झांकी पंडालों में भक्तों की संख्या बढ़ रही है। जगह-जगह स्थापित प्रतिमाओं के समक्ष श्रद्धालु आरती में शामिल होकर माता रानी की आराधना कर रहे हैं।



कोरीपुरा में मां काली की भव्य प्रतिमा-नगर के कोरीपुरा में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस बार भी मां काली की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां नवरात्रि के दौरान विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। विभिन्न देवी मंदिरों और पंडालों में महिलाएं संगीतमय जस, भजन और कीर्तन के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना कर रही हैं। धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की भागीदारी से उत्सवी माहौल बना हुआ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि की धूम-नवरात्रि का उत्साह केवल नगर तक सीमित नहीं है। तहसील बरेली के प्रमुख व्यापारिक केंद्र ग्राम खरगोन में 10 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा भोड़िया, कामतौन, नयागांव कला, महेश्वर, बागपिपरिया, अलीगंज, धोखेड़ा और समनापुर सहित अन्य गांवों में भी प्रतिमाएं स्थापित कर श्रद्धालु पर्व मना रहे हैं। नगर से लेकर गांवों तक सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और भक्ति आयोजनों का सिलसिला चल रहा है। माता रानी की आराधना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

आश्वासन पर खत्म हुई 24 दिन की हड़ताल

काम पर लौटे पटवारी, लिखित निर्देशों के बाद ही शुरू किए सारा एप से रजिस्ट्री कार्य

रायसेन। जिले के पटवारी 24 दिन की हड़ताल के बाद काम पर लौट आए हैं। लेकिन स्वामित्व योजना के तहत फ्री रजिस्ट्री का काम उन्होंने शुरू भी कर दिया है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी का कहना है कि शासन की ओर से जब तक लिखित आदेश के बाद ही रजिस्ट्री में निष्पादक कार्य शुरू किया। संघ के जिलाध्यक्ष चौधरी बोले पहले रोज से ही पटवारियों का सारा एप का रजिस्ट्री निष्पादक कार्य सर्वर डाउन की समस्या से जूझते नजर आए।

दरअसल, सरकार ने स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख ग्रामीणों की संपत्ति की निःशुल्क रजिस्ट्री का लक्ष्य रखा था। इसमें पटवारियों को निष्पादक बनाया गया था। पटवारियों को डर था कि भविष्य में जमीन विवाद होने पर सारी कानूनी कार्रवाई उन पर होगी। इसी को लेकर वे 17 सितंबर से हड़ताल पर थे। रायसेन में करीब 450 पटवारियों ने काम बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैठक के बाद हड़ताल स्थगित हुई। तय हुआ कि पटवारियों पर की गई सभी कार्रवाईयां शून्य घोषित होंगी और काम के दौरान अभियोजन से संरक्षण दिया जाएगा। 27 अक्टूबर को भोपाल में पटवारी महापंचायत होगी, जिसमें शेष मांगों पर फैसला होगा।

नवरात्रि के त्योहार पर कन्याओं को देवी मानकर किया पूजन

450 कन्याओं का पूजन कर कराया सामूहिक भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि के त्यौहार के पावन अवसर पर रायसेन में धार्मिक श्रद्धाभाव आस्था और सेवा का अनोखा संगम देखने को मिला। आनंदम ग्रुप द्वारा कन्या शिक्षा परिसर रायसेन भोपाल बायपास में सामूहिक कन्या पूजन और विशाल भोज का आयोजन किया गया। इसमें 450 से अधिक कन्याओं ने हिस्सा लिया। मालूम हो कि आनंदम ग्रुप पिछले 10 साल से लगातार इस परंपरा को निभा रहा है। हर साल चैत्र, शारदीय नवरात्रि पर्व में कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं और आसपास की कन्याओं को आमंत्रित कर उनका पूजन किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। कन्याओं के पैर धोकर, तिलक लगाकर और चुनरी ओढ़ाकर उन्हें देवी स्वरूप में पूजा गया। सभी कन्याओं को श्रृंगार सामग्री, फल और दक्षिणा दी गई। इसके बाद स्वरुचि कन्या भोज का आयोजन हुआ। जिसमें हलवा-पूरी, चना और खीर परोसी गई। कन्याओं ने भक्ति भाव से भोज ग्रहण किया। आनंदम ग्रुप के पदाधिकारियों ने बताया कि कन्या पूजन का उद्देश्य नारी शक्ति का सम्मान और बेटियों में संस्कार व आत्मविश्वास जगाना है। कन्या शिक्षा परिसर की छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं।



प्रशासनिक अधिकारियों ने की सराहना-आयोजन में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आनंदम ग्रुप के इस सेवा कार्य की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि 10 साल से लगातार इतनी बड़ी संख्या में कन्या पूजन करना सराहनीय कार्य है। इससे समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सकारात्मक सोच बढ़ती है।